तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **केसुराम बनाम लो.सू.अ. (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर)** सू.अ.अ. अपील संख्या : 376 / 2021	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
04.01.2022	अपीलार्थी केसूराम विश्नोई पुत्र पुनाराम पता ग्राम मोटनिया नगर पोस्ट मतोड़ा, तहसील बापिणी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 02.11.2021 में उसके द्वारा (1) औसियां उपखण्ड अधिकारी रतनलाल रेगर की चल अचल एवं व्यक्गित सम्पति का पूर्ण ब्यौरा की प्रमाणित प्रति, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (जिला कलक्टर कार्यालय जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम, जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम, जोधपुर) से जरिये पत्रांक 1696 दिनांक 29.12.21 तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि अपीलार्थी केसूराम को इस कार्यालय के पत्रांक 1448 दिनांक 12.11.21 द्वारा सूचित किया जा चुका है कि आवेदन पत्र में वर्णित चाही गई सूचना से संबधित अभिलेख का संधारण इस कार्यालय में नहीं किया जता है तथा चाही गई सूचना व्यक्तिगत सूचना से संबंधित है जो सूचना का अधिकार अधि. 2005 की धारा 8(1) (i) के अन्तर्गत देय नहीं है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी द्वारा नियत अवधि में प्रार्थना पत्र का निस्तारण करते हुए देय नहीं होने बाबत् प्रार्थी को सूचित कर दिया गया है अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	